**खबर संक्षेप**

### 'दल दिवस' पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजनः आदर्श वॉलीबॉल क्लब विजेता

**मैहर।** कांग्रेस सेवा दल द्वारा आयोजित 'दल दिवस सप्ताह' के तीसरे दिन स्थानीय खेल मैदान में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र और ब्लॉक अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे की उपस्थिति में हुए इस मुकाबले में 'आदर्श वॉलीबॉल क्लब टीम-बी' ने जीत दर्ज की। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नागौद प्रलेस का ग्रामीण सम्मान आज

**सतना।** प्रलेस इकाई नागौद द्वारा देबीशरण ग्रामीण की 93 वीं जन्म जयंती प्रगतिशील लेखक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्रो.सेवाराम त्रिपाठी,संरक्षक पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,जिलाध्यक्ष एड.संतोष खरे की उपस्थिति में नागौद गीता भवन रेस्ट हाउस के सामने दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें ग्रामीण जी की रचना धर्मिता,कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर परिचर्चा की जाएगी वहीं इस अवसर पर द्वितीय ग्रामीण सम्मान वरिष्ठ मार्गदर्शक रामलाल सिंह को प्रदान करने के साथ ही श्री सिंह की भूली,बिसरी,बिखरी रचनाओं को समेट कर एक स्मारिका का विमोचन भी जाना है।

### नेशनल हाईवे पर धू-धू कर जली मर्सिडीज, बाल-बाल बचा नागपुर का श्रद्धालु परिवार



**मैहर।** नेशनल हाईवे-30 पर हरदुआ के पास शुक्रवार देर रात एक मर्सिडीज कार अचानक आग का गोला बन गई। नागपुर निवासी देवेश पनरोतवार और उनका परिवार मां शारदा के दर्शन कर लौट रहा था,तभी कार के बोनट से धुआं उठने लगा। समय रहते परिवार के बाहर निकलने से बड़ी जनहानि टल गई,हालांकि 60 लाख की लग्जरी कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# अटरा गांव में खूनी संघर्ष, ट्रैक्टर से कुचल कर अधेड़ की हत्या; सरपंच पति पर आरोप



सतना। जिले के नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत अटरा गांव में शुक्रवार की देर रात पुरानी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। पटेल समाज के दो पक्षों के बीच हुए इस भीषण संघर्ष में एक व्यक्ति की जान चली गई,जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सतना शहर के सिविल लाइन चौक पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया है।

### विवाद और जानलेवा हमला

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,अटरा गांव में दो पक्षों के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। शुक्रवार रात मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते लाठी-डंडों के हमले में बदल गया। आरोप है कि हमलावरों की संख्या आधा दर्जन से अधिक थी। इसी दौरान दूसरे पक्ष ने द्वारिका सिंह 45 वर्ष को ट्रैक्टर से कुचल दिया।



### अस्पताल ले जाते समय हुई मौत


झगड़े में द्वारिका सिंह के अलावा बिल्ला पटेल,नत्थू पटेल और दो अन्य लोग लहूलुहान हो गए। सभी घायलों को तत्काल नागौद से जिला अस्पताल रेफर किया गया,लेकिन द्वारिका सिंह ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाकी चार घायलों की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है और उनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

### परिजनों का प्रदर्शनः सिविल लाइन चौक पर लगा रहा जाम

शनिवार शाम करीब 5 बजे मृतक द्वारिका सिंह का शव लेकर परिजन और ग्रामीण सिविल लाइन चौक पहुंच गए और सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि आरोपी सरपंच और उसके साथियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। इस विरोध प्रदर्शन के कारण शहर की मुख्य सड़क पर लगभग एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया है,जिससे आवागमन पूरी तरह ठप रहा।घटना की सूचना मिलते ही नागौद थाना और पोड़ी चौकी की पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए घायलों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते यह विवाद हुआ है। आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी धरपकड़ के लिए टीमें रवाना कर दी गई हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। शाम लगभग 6:15 बजे प्रदर्शन समाप्त हो गया था और वाहनों का आवागमन प्रारंभ हो गया था।



### 17 करोड़ की लागत से बनी देवीजी रोड 6 माह में उधड़ी, जांच की मांग



**मैहर।** पीडब्ल्यूडी विभाग की निगरानी में 17 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बनाई जा रही देवीजी रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी 'दद्दा' ने एक वीडियो जारी कर पोल खोली है,जिसमें निर्माण के मात्र 6महीने के भीतर ही सीमेंटेड सड़क से गिट्टियां उधड़ती दिखाई दे रही हैं। विपक्षी दलों और स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ जांच की मांग की है।



### मैहर गुरुद्वारे में श्रद्धा के साथ मनाया गया 'वीर बाल दिवस', साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

**मैहर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए 'वीर बाल दिवस' मनाया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी और भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का त्याग और राष्ट्र रक्षा का संकल्प युगों-युगों तक मानवता को प्रेरणा देता रहेगा।

### सुलभ कॉम्प्लेक्स में गंदगी का अंबार, शौचालय के लिए वसूले जा रहे 5 रुपए



**मैहर।** मां शारदा के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं,विशेषकर महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर क्षेत्र में बने सुलभ कॉम्प्लेक्सों में गंदगी का आलम है और कई जगह शौचालयों में दरवाजे तक नहीं हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि निःशुल्क सुविधा के बजाय बाथरूम के 5 रुपये वसूले जा रहे हैं। नागरिकों ने कलेक्टर और प्रशासन से मांग की है कि महिला शक्ति के सम्मान हेतु उचित प्रसाधन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# 'ट्रैफिक मैनेजमेंट' फेलः एंबुलेंस फंसी, ट्रेनें छूटीं; घंटों हलकान रही जनता



सतना। शहर में शनिवार को अभूतपूर्व जाम की चपेट में रहा। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के बाद यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।भरहुत नगर तिराहे से सिविल लाइन और सर्किट हाउस से रेलवे स्टेशन तक वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी रहीं। स्थिति इतनी भयावह थी कि कलेक्टर,एसपी और एसडीएम जैसे आला अधिकारियों के वाहन भी इस जाम में घंटों कैद रहे। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यातायात पुलिस ने रूटीन दिनों की तरह ही व्यवस्था रखी,जबकि वीआईपी कार्यक्रम के बाद के दबाव का कोई आकलन नहीं किया गया था।सिविल चौपाटी के पास प्रदर्शन और वीआईपी मूवमेंट के कॉकटेल ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। रीवा रोड,बिरला रोड और ओवरब्रिज पर स्थिति जस की तस बनी रही। प्रशासन की इस घोर लापरवाही



ने बीमारों को अस्पताल और मुसाफिरों को उनकी मंजिल से दूर कर दिया।

# सतना के विकास को नई उड़ानः मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दी 652 करोड़ की सौगात, रनवे विस्तार और अटल जी के नाम पर होगा नया बस स्टैंड



सतना। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान जिले को विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी।मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नवनिर्मित अंतरराज्यीय बस स्टैंड का लोकार्पण करने के साथ ही कुल 652.54 करोड़ रुपये के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।



### अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होगा नया बस स्टैंड

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सतना का नवनिर्मित अत्याधुनिक अंतरराज्यीय बस स्टैंड अब देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि अटल जी राजनीति में शुचिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार 2026 से छोटे-बड़े शहरों के बीच सरकारी बस सेवा शुरू करने जा रही है।



### हवाई पट्टी और कनेक्टिविटी का विस्तार

सतना की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि सतना एयरपोर्ट के रनवे का विस्तार 1800 मीटर तक किया जाएगा। इससे बड़े विमानों के आवागमन का रास्ता साफ होगा और क्षेत्र में व्यापार व पर्यटन को गति मिलेगी।

### 650 बिस्तर का नया अस्पताल

मुख्यमंत्री ने शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में 383 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 650 बिस्तरीय नवीन अस्पताल भवन का भूमिपूजन किया। इसके अलावा जिला अस्पताल में 32.54 करोड़ की लागत से 100बिस्तरीय आधुनिक वार्ड और 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर हेल्थ वार्ड का शिलान्यास किया। मजदूरों के लिए 6.16 करोड़ की लागत से 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण किया।

### धार्मिक और सांस्कृतिक विकासः चित्रकूट और मैहर लोक

मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना पर ईश्वर की विशेष कृपा है।उन्होंने बताया कि सरकार चित्रकूट में भव्य 'वनवासी रामलोक' और मैहर में 'मां शारदा लोक' का निर्माण कर रही है। बरगी नहर का काम 31 जनवरी तक पूरा कर नर्मदा जल सतना के किसानों तक पहुंचाया जाएगा,जिससे 1.45 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। केन-बेतवा लिंक परियोजना के माध्यम से मंदाकिनी नदी को भी पुनर्जीवित किया जाएगा।

### स्मार्ट सिटी और अमृत योजना के अन्य कार्य

समारोह के दौरान नगरनिगम की अमृत योजना के तहत फिल्टर प्लांट,एनीकट निर्माण,सीवरेज लाइन के शेष कार्य और धवारी स्टेडियम के नवीनीकरण जैसे कार्यों का भी लोकार्पण/भूमिपूजन संपन्न हुआ। मुख्यमंत्री का संदेशः सतना के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास की यह गंगा अब हर घर तक पहुंचेगी।

### कार्यक्रम की मुख्य झलकियां...

* प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सतना के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।
* सांसद गणेश सिंह ने सतना में एलिवेटेड रोड और रनवे विस्तार की मांग रखी,जिसे मुख्यमंत्री ने सकारात्मक रूप से लिया।
* महापौर योगेश ताम्रकार ने नगर निगम की उपलब्धियां गिनाते हुए शहर की सड़कों के सुधार के लिए 50 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन की मांग की।
* हितलाभ वितरणः मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के 12 हितग्राहियों को लाभ के चेक और प्रमाण पत्र भी सौंपे।




# सतना में बनेगा 100 एकड़ का औद्योगिक पार्क,चेम्बर को मिलेगा 8 एकड़ का 'विन्ध्य व्यापार मेला ग्राउण्ड'

सतना। विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा आयोजित 12वें 'विन्ध्य व्यापार मेला 2025' के नौवें दिन मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सतना के औद्योगिक विकास और व्यापारियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने चेम्बर के गौरवशाली इतिहास की सराहना करते हुए कहा कि विन्ध्य व्यापार मेला न केवल व्यापार को बढ़ावा दे रहा है,बल्कि क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बनाने में भी मील का पत्थर साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री ने चेम्बर की मांग पर ऑडिटोरियम और स्थायी आयोजन हेतु 8 एकड़ जगह उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की। इस स्थान का नाम 'विन्ध्य व्यापार मेला ग्राउण्ड' रखा जाएगा।

### 100 एकड़ औद्योगिक पार्क

सतना में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए 100 एकड़ में फैला एक विशाल इंडस्ट्रियल पार्क बनाया जाएगा।व्यापारिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सतना में जल्द ही 'इंडस्ट्रियल कन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिक निगम सतना द्वारा पी.पी.टी. मॉडल पर गीता भवन चेम्बर को सौंपने की बात कही गई।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम की सराहना

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सांसद गणेश सिंह ने मेले के आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से इस वर्ष की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' (भारतीय सेना के शौर्य पर आधारित) की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने मोटरयान कर में छूट की मांग का भी समर्थन किया। चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री के समक्ष कुछ प्रमुख मांगें रखीं,जिनमें शामिल हैं मेले में बिकने वाले वाहनों पर मोटरयान कर में छूट। कृपालपुर से सोहावल तक फ्लाईओवर का निर्माण। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि इस गरिमामयी अवसर पर प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सांसद गणेश सिंह,विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार,महापौर योगेश ताम्रकार सहित जिला प्रशासन के आला अधिकारी (कलेक्टर सतीश कुमार एस एवं एसपी हंसराज सिंह) और चेम्बर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्राचीन सिद्ध स्थल सिद्धनाथ के विकास को लेकर ग्रामीण स्वयं से श्रद्धाभाव के साथ तत्पर

## दो वर्ष संरक्षण के रूप में स्यामेन्द्र सिंह उर्फ बिन्नी राजा के मार्गदर्शन में होगी दिशा तय







**इस स्थान के विकास को लेकर जैसे स्वयं ही सिद्धनाथ की कृपा अब चल पड़ी जहां सिद्धनाथ के स्थान में धर्मषाला निर्माण को लेकर ग्रामीण स्वयं ही आगे दिषा तय कर रहे है वहीं इस स्थान के चहुमुखी विकास को लेकर ग्रामीणों की अंगुवाई व मार्गदर्षन संरक्षण के रूप में संरक्षक की भूमिका स्यामेन्द्र सिंह उर्फ बिन्नी राजा को दायित्व निभाने को लेकर ग्रामीणों ने स्वयं ही रखी मांग वहीं विकास में किस तरह से इस स्थान को आगे पटल पर लाया जायेगा, कृषि के विकास को भी किसानों का मार्गदर्षन जहां स्यामेन्द्र सिंह उर्फ बिन्नी राजा की सोच जानी जायेगी**

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में प्राचीन सिद्ध स्थल सिद्धनाथ जिनकी सिद्धता उनके क्षेत्र से ही स्वमेव आज भी बयां हो रही है इनके क्षेत्र में जो वृक्ष करधई के जहां हजारों वर्ष के बाद भी उसी पहाड़ी में मौजूद है कोई काट नहीं सकता कोई ले नहीं जा सकता स्थान में भले ही उपयोग में लाये जायें साथ ही इस स्थान का प्रांगण जो अपनी सिद्धता व एक मनोरम दृष्य के साथ-साथ शांति का अनुभव तपस्या स्थली के रूप में बयां होता है। यहां अब आगे आने वाले समय को ध्यान में रखकर एक विषालकाय धर्मषाला के निर्माण को लेकर गांव के युवाओं की सोच सामने आई जिसका मार्गदर्षन संरक्षक के रूप में भूमिका निभाने के लिये स्यामेन्द्र सिंह उर्फ बिन्नी राजा जो पर्यावरण तथा पर्यटन के क्षेत्र में जिन्हें परांगत के रूप में स्वयं ही जाना जाता है वहीं कृर्षि के क्षेत्र में भी अलग ही दिषा तय करने को लेकर इस समय जिनकी सोच चल पड़ी है वहीं इस स्थान के विकास में आपकी अनुभव व मार्गदर्षन से जहां भगवान सिद्धनाथ के स्थान के विकास में चहुमुखी भूमिका कैसे तय होगी। यहां इस स्थल के वृक्षों का संरक्षण जहां स्वयं सिद्धनाथ भगवान का तो है ही उसके साथ-साथ आगे आने वाले समय में नवीन वृक्षों को लेकर भी किस तरह से पौधों से लेकर वृक्षों के रूप में तैयार करने के लिये नर्सरी की दिषा तय होगी इसके साथ-साथ विद्युत पानी तथा स्थान के विकास में किस तरह से आगे बढाया जायेगा जिससे आने वाले समय में पर्यटकों के लिये भी यह स्थान आकर्षण का केन्द्र बन सके। वहीं तपस्या स्थली के रूप में शांति व सुकून का केन्द्र के रूप में यह सिद्धनाथ का स्थान सिद्धस्थल के रूप में जो आज ग्रामीण क्षेत्र में तो जाना जाता है पर यह समूचे जिले के लिये एक मिषाल बन सके।

**खबर संक्षेप**

### अमानगंज नगर परिषद की पहल, काउ कैचर से पकड़े गए निराश्रित गौवंश गऊसदन रवाना



**अमानगंज।** अमानगंज नगर परिषद द्वारा नगर क्षेत्र में निराश्रित एवं आवारा गौवंश की समस्या के समाधान हेतु काउ कैचर वाहन से पकड़े गए गौवंश की पहली खेप गऊसदन पवई के लिए रवाना की गई। यह कार्य नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शशि कपूर गढ़पाले के निर्देशन एवं निगरानी में संपन्न हुआ। नगर परिषद द्वारा की गई इस पहल से नगर में यातायात बाधा, दुर्घटनाओं एवं आमजन की समस्याओं में कमी आने की उम्मीद है। साथ ही निराश्रित गौवंश को सुरक्षित एवं संरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा। नगर परिषद अधिकारियों ने बताया कि आगे भी चरणबद्ध तरीके से नगर क्षेत्र में घूम रहे आवारा गौवंश को काउ कैचर के माध्यम से पकड़कर गऊसदन भेजने की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### वन स्टॉप सेंटर की मदद से लौटी खुशियां

**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना द्वारा विपरीत परिस्थितियों में जरूरतमंद महिला की मदद से मां के आंचल में पुनः खुशियां लौटी हैं। एक महिला द्वारा सेंटर में आवेदन देकर अवगत कराया गया था कि ससुराल वालों ने उसकी दो माह की बच्ची छीन ली है। उसकी बच्ची को उसे दिलाया जाए। आवेदिका द्वारा इस घटना से आहत होकर मानसिक रूप से बहुत परेशान एवं व्यथित होने के बारे में भी अवगत कराया गया और रोते हुए मां के दायित्वों से वंचित रखने की जानकारी दी गई। इस पर वन स्टॉप सेंटर द्वारा ससुराल वालों से संपर्क कर समझाईश के लिए कार्यालय बुलाने का प्रयास किया गया, लेकिन संबंधितों द्वारा फोन बंद कर लिया गया। घर पर संपर्क करने पर ताला लगा मिला। इसके बाद ससुराल वालों के रिश्तेदार से संपर्क कर संबंधितजनों को सेंटर में उपस्थित होने के लिए कहा गया। निरंतर प्रयास और कार्यवाही में तेजी से आवेदिका के ससुराल वाले दो दिवस में सेंटर में उपस्थित हुए। यहां ससुराल पक्ष को आवश्यक समझाईश दी गई, जिससे उन्होंने अपनी मर्जी से खुशी-खुशी दो माह की बच्ची को मां के सुपुर्द किया। आवेदिका ने बच्ची मिलने पर वन स्टॉप सेंटर का आभार व्यक्त किया और बच्ची को पुनः पाकर प्रसन्नता व्यक्त की।

# सरस्वती विद्यालय में विद्या भारती पदाधिकारियों का प्रेरक आगमन

**प्रार्थना सत्र में छात्र जीवन, संस्कार, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा पर दिया गया मार्गदर्शन**





**पन्ना।** विद्या की धरा सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित प्रार्थना सत्र में विद्या भारती के सम्माननीय पदाधिकारियों का गरिमामय आगमन हुआ। इस अवसर पर विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री (मध्य क्षेत्र) जितेंद्र सिंह परिहार, जिला सचिव श्री प्रमोद नगायच, ग्राम भारती समन्वयक श्री सुशील कुमार त्रिपाठी तथा विद्यालय के व्यवस्थापक माननीय श्री राम लखन शुक्ल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी, आचार्यगण एवं समस्त विद्यालय परिवार की सहभागिता रही। क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन संस्कार, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की मजबूत नींव रखने का काल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्या का उद्देश्य केवल परीक्षा या रोजगार नहीं, बल्कि सशक्त चरित्र और राष्ट्रनिष्ठ नागरिक का निर्माण है। जिला सचिव प्रमोद नगायच ने भैया-बहनों को माता-पिता, अभिभावकों एवं गुरुजनों के प्रति सम्मान, विद्यालय के नियमों के पालन और कर्तव्यनिष्ठ आचरण को जीवन की सफलता का आधार बताया। ग्राम भारती समन्वयक सुशील कुमार त्रिपाठी ने समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का संदेश देते हुए सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता को सच्ची शिक्षा का मूल तत्व बताया। विद्यालय के व्यवस्थापक माननीय राम लखन शुक्ल ने गुरु गोविंद सिंह जी के महान बलिदान की प्रेरक कथा के माध्यम से त्याग, साहस और राष्ट्र के लिए समर्पण की भावना को भैया-बहनों के हृदय में जाग्रत किया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय मंत्री श्री बुंदेला दो दिवसीय पन्ना जिला प्रवास पर हैं। 27 दिसंबर को पन्ना में जिले के समस्त सरस्वती शिशु मंदिर एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य-प्रधानाचार्य तथा सरस्वती शिक्षा परिषद/विद्या भारती से संबद्ध विभिन्न संगठनों के विभाग प्रमुखों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में छात्र जीवन के कर्तव्य, अनुशासन, देशभक्ति एवं समाज सेवा जैसे मूल्यों पर केंद्रित प्रेरक मार्गदर्शन प्राप्त कर भैया-बहन उत्साहित एवं प्रेरित दिखाई दिए।

## नाबालिग के साथ बलात्कार कारित करने वाले आरोपीगण को कठोर कारावास

**पन्ना। जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के सहायक मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 27.02.2024 को पीडिता दशा मैदान के लिये गयी थी इसके बाद पीडिता की तलाश की गयी जो नही मिली । जिसके संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना अजयगढ में लेखबद्ध करवायी गयी। दस्तयाब होने पर पीडिता ने घटना के बारे में बताया। अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध को विवेचना में लिया गया।**

फरियादी एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्तगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो एक्ट) जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री श्रीराम यादव द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- छोटू राजपूत एवं रामबाबू उर्फ चिक्की के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- छोटू राजपूत को भारतीय दंड संहिता की धारा 376डी में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 रूपए के अर्थदण्ड, धारा 366 भादंसं में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदण्ड धारा 342 भादंसं में 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड, धारा 354 भादंसं में 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं आरोपी रामबाबू उर्फ चिक्की को धारा 366 भादंसं में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000 रूपये अर्थदण्ड, धारा 342 भादंसं में 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 500 रूपये अर्थदण्ड, धारा 354 भादंसं में 01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

## नाबालिग के साथ दुराचार कारित करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

पन्ना। कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के सहायक मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 05.02.2024 को फरियादी एवं उसका लडका खेत पर गये थे, घर पर उसकी पत्नी, पीडिता एवं उसका मझला लडका थे। फरियादी की पत्नी ने देखा तो सुबह पीडिता घर पर नही थी, आस-पास तलाश करने पर उसका पता नही चला जिसके संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध करवायी गयी। दस्तयाब होने पर पीडिता ने बताया कि, नंदलाल उसे बहला फुसलाकर, शादी का झासा दे कर जंगल तरफ ले गया था और जंगल में उसकी मर्जी के बिना गलतकाम किया एवं बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुये वही छोडकर भाग गया। फरियादी के पिता की रिपोर्ट पर थाना मंडला में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। फरियादी एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान अरविन्द कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो एक्ट) जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री श्रीराम यादव द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- नंदलाल गोड के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी- नंदलाल गोड को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 एवं धारा 3/4 पॉक्सों एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं धारा 366 भारतीय दंड संहिता में 07 वर्ष का कठोर कारावास एवं 3000 रूपऐ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

नोटः- माननीय न्यायालय द्वारा अभियोक्त्री/पीड़िता के मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व आर्थिक परिस्थिति को देखते हुए पीड़ति प्रतिकर योजना के तहत राशि 2,00,000/- (दो लाख रूपए) प्रतिकर की राशि प्रदान करने का आदेश दिया गया।

## आज सूबेदार क्रिकेट कप टूर्नामेंट के फाइनल मैच में लुधनी और मनिया के बीच होगा मुकाबला



पवई। ग्राम दरवारा मे 14 दिसम्बर से चल सूबेदार क्रिकेट कप टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच शनिवार को सिमरिया और लुधनी के बीच खेला गया मनिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओभरों मे 164 रनों का लक्ष्य रखा लक्ष्य का सामने करने मैदान मे उतरी सिमरिया टीम 94 रनों मे सिमट कर रह गई मनिया के टीम से सानू राजा का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा उन्होंने 24 गेंद मे 66 रनो की पारी खेली जिसमे 4 छक्का और नौ चौके लगाकर टीम को फाइनल मे पहुंचाया । शनिवार को हुए दूसरा सेमीफाइनल मैच बडा ही रोमांचक रहा। टूर्नामेंट मे मुख्य अतिथि सिमरिया मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे। आज लुधनी एकदश एवं मनिया एकदश के बीच खेला जाएगा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का औचक निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं





**पन्ना।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना ने आज जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान जेल किचन में भोजन गुणवत्ता सहित पुरूष एवं महिला बैरक, अस्पताल, व्ही.सी. कक्ष, कियोस्क, मुलाकात एवं उद्यमिता कक्ष आदि का पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता एवं हाईजीन की सूक्ष्म जानकारी भी ली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश ने भोजन बनाने के लिए स्थापित पुरानी भट्टी को उपयुक्त न पाए जाने पर इसके स्थान पर नवीन प्लेटफॉर्म का निर्माण कराने के निर्देश जेल प्रशासन को दिए। साथ ही स्नान घर और शौचालयों में भी वृद्ध एवं दिव्यांग बंदियों की सुविधाओं के दृष्टिगत बेहतर प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर बंदियों की समस्याओं और उनके प्रकरणों की जानकारी ली गई। समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभारी जेल अधीक्षक अभिमन्यु पाण्डेय एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम को निर्देशित किया गया। उचित मामलों में न्यायालय व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय में अपील के लिए निःशुल्क निर्णय प्रति प्रदाय करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर यूटीआरसी द्वारा अनुशंसित बंदियों के जमानत व रिहाई के संबंध में जानकारी लेकर जेल प्रशासन को निरीक्षण के दौरान मिली कमियों में सुधार के दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण कार्यक्रम में प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। प्रभारी जेल अधीक्षक द्वारा सभी बंदियों को निरीक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया गया।

### अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित

**पन्ना।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने पंचायत उप निर्वाचन के कार्य संपादन के लिए तत्काल प्रभाव से अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। पन्ना स्ट्रांग रूम संचालन, ईव्हीएम वितरण एवं वापसी तथा मतगणना संबंधी समस्त कार्यों के लिए सहायक ग्रेड दो सरजू प्रसाद प्रजापति एवं मोहनीश घोटे तथा भृत्य राहुल रैकवार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह स्ट्रांग रूम शाहनगर में विभिन्न कार्यों के लिए संविदा लेखाधिकारी पुष्पेन्द्र नागर, सहायक ग्रेड तीन विपिन सिंह व स्थायीकर्मी कार्तिक सिंह राजपूत की ड्यूटी निर्धारित की गई है। इस क्रम में मतदान दलों को मानदेय की स्वीकृति एवं भुगतान का दायित्व लेखाधिकारी आर.पी. प्रजापति एवं सहायक ग्रेड तीन योगेश कुमार खरे को सौंपा गया है।

### भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है प्रारूप मतदाता सूची

पन्ना। फोटो निर्वाचक नामवली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत एसआईआर के गणना चरण में गणना प्रपत्र भरने वाले मतदाताओं के नाम को सम्मिलित कर प्रारूप मतदाता सूची तैयार की गई है। यह मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन पर उपलब्ध है। मतदाताओं को ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम जांचने के लिए क्यूआर कोड की सुविधा प्रदान की गई है। इसे स्कैन कर नाम का अवलोकन किया जा सकता है। साथ ही इस सूची से संबंधित दावे और आपत्तियां 22 जनवरी 2026 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रकरण अधिकारी को प्रस्तुत कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क किया जा सकता है।



# कलेक्टर ने जिला जेल का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय कुमार नागवंशी के साथ जिला जेल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से संवाद कर मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी भी ली और अपने आचरण में सुधार लाकर जेल प्रशासन के माध्यम से किसी भी समस्या का निराकरण कराने की सलाह दी। जिला कलेक्टर द्वारा जेल परिसर के विभिन्न कक्ष व बैरकों का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक से बंदियों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं व मूलभूत सुविधाओं के बारे में पूछा। जेल भ्रमण के दौरान पुरूष एवं महिला बंदियों ने जेल में निरूद्ध रहकर अनुशासन के साथ सुधारात्मक प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही अपने प्रकरणों के बारे में भी अवगत कराया। जिला कलेक्टर ने महिला बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली और बच्चियों को बिस्किट भी वितरित किए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने जेल परिसर का भ्रमण कर सुरक्षात्मक प्रबंध और परिजनों से भेंट व्यवस्था की भी जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा और पोषण पर सख्त निगरानी

**बड़ामलहरा।** अनुविभाग में प्रशासनिक सख्ती और जवाबदेही का स्पष्ट संदेश देते हुए आयुष जैन द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला राजापुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों को परोसे जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की गहन जांच की और भोजन की स्वच्छता, स्वाद एवं पोषण मानकों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री जैन ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया, उनकी पढ़ाई की प्रगति जानी तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और बच्चों की सहभागिता बढ़ाने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षक-छात्र उपस्थिति रजिस्टर की भी जांच की और समयपालन व नियमितता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। एसडीएम ने कहा कि बच्चों का पोषण और शिक्षा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार बनाए रखें और शिक्षण कार्य में नवाचार अपनाएं, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

### निर्वाचन क्षेत्रों में 29 दिसंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित

**दमोह।** राज्य शासन द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप-निवार्चन 2025 (उत्तरार्द्ध) हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोराकला के सरपंच पद का निर्वाचन एवं विकासखण्ड पटेरा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायतों हेतु 29 दिसम्बर दिन सोमवार को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया 29 दिसम्बर दिन सोमवार को केवल संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों जिला पंचायत क्षेत्र कमांक-10 कुम्हारी के अंतर्गत आने वाली 30 ग्राम पंचायते एवं विकासखण्ड पथरिया की ग्राम पंचायत देवरान एवं विकासखण्ड बटियागढ़ की ग्राम पंचायत निबोरा कला के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से खेत जा रहे युवक की मौत

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की देर शाम तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार रीतेश पिता सीने सिंह लोधी उम्र 28 वर्ष निवासी पौड़ी थाना तारादेही है जो कि गुरुवार की शाम को घर से पैदल अपने खेत जा रहा था। उसी समय रास्ते में किसी वाहन द्वारा युवक की टक्कर मार दी जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना राहगीरों द्वारा तारादेही पुलिस को दी गई। साथ ही परिजनों को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर शुक्रवार की सुबह युवक पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। परिजनों द्वारा बताया गया रीतेश देर शाम खाना खाकर पैदल अपने खेत जा रहा था लेकिन जेतगढ और पौड़ी के बीच किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**दमोह।** एमपी राज्यर निर्वाचन आयोग की नई तैयारी, पेपरलेस इलेक्शन की आई बारी के संदेश के साथ आयोग की ब्रांड एम्बेरसेडर सारिका घारू ने दमोह में कराये जा रहे पेपरलेस उपनिर्वाचन के फायदों को आम मतदाताओं को बताया । मतदाताओं के डिजिटल बूथ के फायदे के बारे में मतदाताओं को जानकारी दी जा रही है। सारिका ने बताया कि सोमवार 29 दिसंबर को होने जा रहे पंचायत के उपनिर्वाचन में दमोह के मतदाता रिकार्ड मतदान करने का संकल्प ले रहे हैं ।

स्टार रेटिंग होटलों में लाइव म्यूजिक, गाला डिनर, डान्स कॉम्पटीशन के साथ गिफ्ट प्राइज़ का होगा ऑफर

# न्यू ईयर 2026 के सेलिब्रेशन को तैयार शिल्पलोक खजुराहो

**एम.पी.टी. के कुटने आइलैंड, पन्ना टाइगर रिजर्व में भी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे पर्यटक**

खजुराहो/छतरपुर। विश्व पर्यटन नगरी तथा धरती के शिल्पलोक खजुराहो में न्यू ईयर 2026 का जश्न मनाने को लेकर जमकर उत्साह रहता है।




यहां हर साल नया वर्ष मनाने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं,जिनके सेलिब्रेशन को लेकर यहाँ के सितारा तथा बजट क्लास के होटलों और रेस्टोरेंटों में एक सप्ताह पहले से ही जश्न मनाने के लिए आयोजन की तैयारी शुरू हो जाती हैं। यह क्रम वर्षों से चला आ रहा है खजुराहो में नया वर्ष मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी पर्यटकों के साथ साथ विदेशी पर्यटक भी पहले से ही आ जाते हैं, जिनके लिए पर्यटन व्यवसायी भी बड़े पैमाने इंतजाम करते हैं। खजुराहो में स्टार रेटिंग होटलों से लेकर स्थानीय बजट स्तर के होटलों और रेस्टोरेंट में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए तरह तरह के आयोजन किये जाते हैं। होटलों और रेस्तराँ को आकर्षक तेज लाइटिंग रंगबिरंगी जगमगाहट से सराबोर के बीच डी. जे. डाँस, आर्केस्ट्रा, लाइव बैंड,लाइव म्यूजिक, गाला डिनर, लिक्युड ड्रिंक्स, डाँस कंपटीशन, शानदार आतिशबाजी और अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिनमें पर्यटक देर रात तक जमकर धमाल मचाते हैं। नए वर्ष की 1 तारीख को खजुराहो का पर्यटन व्यवसाय भी बढ़ जाता है, खजुराहो में नए वर्ष के सेलिब्रेशन को लेकर एक माह पूर्व से बुकिंग होना शुरू हो जाती है साथ ही सैलानी भी तीन-चार दिन पूर्व से भी यहां आना शुरू हो जाते हैं। विदेशी पर्यटक तो आने भी लगे हैं खजुराहो में पिछले एक सप्ताह से पर्यटकों के आने की संख्या भी बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए होटलों तथा रेस्टोरेंटों के संचालकों में सेलिब्रेशन को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। इस कारण लगभग होटल्स और रेस्टोरेंटों पर पर्यटकों को लुभावने पैकेज ऑफर किये गए हैं।

खजुराहो में देशी पर्यटकों की भारी भीड़ जुटती है, जिसके लिए पुलिस के साथ प्रशासन भी पहले से तैयारी कर लेता है। पुलिस विभाग जिले से अतिरिक्त पुलिस बल मंगा लेता है तो वहीं नगरीय प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर चार पहिया वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग के साथ लाऊड स्पीकर और मोबाइल वैन से प्रमुख मार्गों की लगातार मॉनिटरिंग की जाती है।

खजुराहो के आस-पास कई पर्यटन स्थल और पिकनिक स्पॉट हैं, जिनमें नवनिर्मित कुटने डेम, पांडव फॉल, रनेह फॉल, बेनीगंज बांध, केन घड़ियाल सहित केन नदी के किनारों के मनोरम स्थल प्रमुखता से हैं, इन स्थलों पर भीड़ जुटने की संभावना प्रबल रहती है। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग का कुटने डेम स्थित कुटने आइलैंड पिछले कई वर्षों से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है जिसकी ऑनलाइन बुकिंग पहले से ही फुल हो जाती है, यहाँ पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमडने की संभावना व्यक्त की गई है। पुलिस प्रशासन, स्थानीय प्रशासन के साथ ट्रैफिक पुलिस ने पर्यटकों की भीड़ के साथ वाहनों को नियंत्रित करने के लिए मेला ग्राउंड, राजनगर मार्ग, बमीठा मार्ग के साथ जैन मंदिर मार्ग पर पार्किंग के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जाती है।

## नौगांव मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक, 2 जनवरी से होगा भव्य शुभारंभ



**नौगांव।** नौगांव मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर नगर पालिका परिषद ने शनिवार को टाउन हॉल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष ने की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी और परिषद सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

बैठक में एसडीएम जीएस पटेल, एसडीओपी अमित मेश्राम, थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, तहसीलदार, नगर पालिका सीएमओ, अध्यक्ष-उपाध्यक्ष तथा सभी पार्षद उपस्थित रहे। चर्चा का मुख्य फोकस क्रिकेट, कबड्डी, बास्केटबॉल जैसी खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर रहा।

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मेला प्रांगण में लगभग 50 सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया। यातायात प्रबंधन के लिए एसडीओपी और थाना प्रभारी से विचार-विमर्श कर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई तथा ट्रैफिक डायवर्जन की योजना तैयार की गई। झूलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीमा व्यवस्था अनिवार्य की गई। साथ ही पिछले वर्ष की तरह इस बार भी झूलों की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की जाएगी, जिससे आमजन को राहत मिलेगी। मेले में एक अस्थायी पुलिस सहायता केंद्र भी स्थापित किया जाएगा ताकि आपात स्थिति में त्वरित मदद उपलब्ध हो सके।

बैठक में बताया गया कि 2 जनवरी से नौगांव मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। यह वर्षों पुरानी परंपरा वाला महा मेला नगर पालिका के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और नागरिकों की भागीदारी से हर साल आकर्षण का केंद्र बनता है। खेल और सांस्कृतिक आयोजनों से यह उत्सव नगरवासियों के लिए विशेष महत्व रखता है। नगर पालिका परिषद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मेला महोत्सव को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

जिलेभर में प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में खाद का वितरण जारी

# खाद का अवैध भंडार पाए जाने पर होगी कड़ी कार्यवाही

छतरपुर।



जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में यूरिया खाद का वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में शनिवार को जिलेभर में राजस्व अधिकारियों द्वारा खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही निजी उर्वरक विक्रेताओं को हिदायत दी है कि निर्धारित दरों पर ही खाद विक्रय करें और किसानों को रसीद दें। कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा उर्वरक का सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जिलेभर की खाद वितरण सोसायटियों एवं अन्य निजी वितरण केन्द्र पर निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अधिकारियों द्वारा अवैध खाद भंडार की भी स्टॉक मिलान करते हुए जांच की गई। जिला प्रशासन द्वारा किसान भाईयों से अपील की गई है कि निर्धारित दरों पर ही खाद खरीदें और रसीद प्राप्त करें।

इसी क्रम में लुगासी में नायब तहसीलदार द्वारा खाद वितरण का निरीक्षण किया गया। मातगुवां में नायब तहसीलदार द्वारा खाद वितरण का निरीक्षण किया गया। बड़ामलहरा में तहसीलदार द्वारा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया गया। राजनगर में अधिकारियों की उपस्थिति में खाद का वितरण सुचारू ढंग से चालू है। बिजावर में भी वितरण केंद्र पर अधिकारियों की उपस्थिति में खाद पहुंचा। छतरपुर सटई रोड पर डबल लॉक में भी एसडीएम एवं तहसीलदार की निगरानी में खाद का वितरण किया जा रहा है। नौगांव में राजस्व अधिकारियों द्वारा खाद वितरण का निरीक्षण किया गया।

महाराजपुर में तहसीलदार द्वारा खाद पहुंचने पर स्टॉक मिलान कराया गया और वितरण के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लवकुशनगर में खाद का वितरण राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में किया जा रहा है। साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में खाद का वितरण किया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सफाई कर्मचारियों की चार दिवसीय हड़ताल समाप्त

# सभी मांगें पूरी होने पर काम पर लौटे कर्मचारी

छतरपुर।



सटई नगर परिषद में पिछले चार दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि के नेतृत्व में सफलतापूर्वक समाप्त हो गई। कर्मचारियों की सभी प्रमुख मांगें पूरी होने के बाद उन्होंने कार्य पर लौटकर नगर की सफाई व्यवस्था बहाल कर दी।

हड़ताल 23 दिसंबर से शुरू हुई थी। सफाई कर्मचारियों की मुख्य मांगें थीं— वेतन विसंगति दूर कर 1 से 10 तारीख के बीच वेतन भुगतान सुनिश्चित करना, एरियर का भुगतान, नव-नियुक्त कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन तथा ईएसआई की राशि का समायोजन।

हड़ताल की सूचना मिलते ही जिलाध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि सटई पहुंचे और नगर पालिका अध्यक्ष पति राजेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष कुमार सैनी तथा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों सोनू वाल्मीक, कमलेश वाल्मीक, पम्मू, जितेंद्र अहिरवार, मनीष अहिरवार सहित सभी सफाई कर्मचारियों के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में कर्मचारियों की मांगों को गंभीरता से सुना गया और तत्काल लिखित रूप में सभी मांगें पूरी करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा दो कर्मचारियों को मूल ड्राइवर पद पर पदस्थ किया गया तथा एक कर्मचारी को सफाई सुपरवाइजर का प्रभार सौंपा गया। इन निर्णयों से कर्मचारी पूरी तरह संतुष्ट हुए और हड़ताल समाप्त कर कार्य पर लौट आए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में उनकी मांगों का विशेष ध्यान रखा जाएगा और उन्हें हड़ताल का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। भारतीय सफाई मजदूर संघ जिला छतरपुर के अध्यक्ष आदित्य वाल्मीकि ने कहा कि संघ सदैव कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और न्याय के लिए प्रतिबद्ध है तथा आगे भी उनकी आवाज को बुलंद करता रहेगा।



# छतरपुर में गुण्डों, बदमाशों की परेड

**कानून व्यवस्था बनाए रखने और नए साल पर गड़बड़ न करने की चेतावनी**

छतरपुर।

**पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से छतरपुर पुलिस द्वारा समस्त थाना-चौकी क्षेत्रों में गुंडा, निगरानी बदमाशों, जेल रिहाई एवं हिस्ट्रीशीटरों की नियमित निगरानी की जा रही है।**

इसी क्रम में छतरपुर मुख्यालय के थाना कोतवाली, सिविल लाइन, ओरछा रोड में चिन्हित एक सैकड़ा से अधिक गुंडा बदमाशों को पुलिस सहायता केंद्र बस स्टैंड में उपस्थित कर नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी, थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक सतीश सिंह, थाना प्रभारी ओरछा रोड उपनिरीक्षक दीपक यादव एवं कोतवाली पुलिस द्वारा आवश्यक समझाइश दी गई। कुछ लिस्टेड बदमाश वर्तमान में जेल में निरुद्ध या जिले से बाहर हैं, जिनकी जानकारी भी एकत्रित की गई।गुंडा लिस्टेड बदमाशों की वर्तमान में गतिविधि, समाज एवं सोशल मीडिया में क्या व्यवहार है, भ्रमण कहां-कहां एवं कार्यशैली कैसी है, चेक किया गया। पूर्व में किए गए अपराध से वर्तमान तक की अवधि जानी गई। गुंडा लिस्टेड होने के पश्चात अपराध की पुनरावृत्ति के संबंध में भी जानकारी चेक की गई। बुलाए गए चिन्हित व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करें, क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अशांति, उपद्रव या दहशत का माहौल निर्मित न करें। आगामी नववर्ष एवं पर्व शांतिपूर्ण संपन्न हो, अपराधों से दूर रहें, शांति व्यवस्था भंग करने या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# एसजे क्लब सीनियर, महाराजा छत्रसाल, एएस टाइगर सीनियर, नौगांव वॉरियर्स, न्यू गोल्डन ए ने जीते अपने अपने मैच

नौगांव।

राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम नौगांव जो जिले सहित दूर दूर तक चर्चित है में चल रहा एक स्थानीय स्तर का बड़ा टूर्नामेंट। हरिभूमि ने ग्राउंड का निरीक्षण किया तो यहां टर्फ विकेट हरी भरी घास सहित सपाट मैदान जो एक अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट ग्राउंड की याद दिलाता है। क्रीड़ा सभापति अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया की 70 वें महाराजा छत्रसाल लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत शनिवार को पांच रोमांचक मुकाबले खेले गए।



जिसमें पहला मुकाबला एस जे क्लब सीनियर बनाम एटी स्पोर्टिंग के मध्य खेला गया एटी स्पोर्टिंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित आठ ओवरों में 38 रन बनाए और विरोधी टीम को 39 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एसजे सीनियर की टीम ने इस मैच को बड़ी ही आसानी से 9 विकेट से जीत लिया। दूसरा मुकाबला महाराजा छत्रसाल बनाम नीरज दीक्षित फैंस क्लब के मध्य खेला गया जिसमें महाराजा छत्रसाल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 86 रन बनाएं और 87 रनों का लक्ष्य दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नीरज दीक्षित फैंस क्लब मात्र 45 रन ही बना सकी और इस मैच को महाराजा छत्रसाल ने 41 रनों से जीत लिया। तीसरा मुकाबला एएस टाइगर सीनियर बनाम कबीर सिंह जूनियर के मध्य खेला गया जिसमें एएस टाइगर सीनियर ने टॉस जीतकर पहले शानदार बल्लेबाजी करते हुए 94 रन बनाए और 95 रनों का लक्ष्य दिया एएस टाइगर सीनियर की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए मिंटू चौरसिया ने 23 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें तीन छक्के, पांच चौके शामिल है। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कबीर सिंह जूनियर की टीम मात्र 50 रन ही बना सकी और इस मैच को एएस टाइगर सीनियर ने 35 रनों से जीत लिया। चौथा मुकाबला नौगांव वॉरियर्स बनाम नौगांव टाइगर के मध्य खेला गया नौगांव वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाएं और 102 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। नौगांव वॉरियर्स की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सूरज तिवारी ने 23 गेंद पर 58 रन बनाए जिसमें तीन छक्के , सात चौके शामिल है जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी नौगांव टाइगर की टीम मात्र 32 रन ही बना सकती और इस मैच को नौगांव वॉरियर्स ने 69 रनो से जीत लिया। दिन का पांचवा और अंतिम मुकाबला न्यू गोल्डन ए बनाम एसएस ज्वैलर्स के मध्य खेला गया जिसमें न्यू गोल्डन ए ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 104 रन बनाए और 105 रनों का लक्ष्य दिया न्यू गोल्डन ए से हर्षवर्धन ने 11 गेंद पर 25 रन बनाएं जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी एसएस ज्वैलर्स की टीम मात्र 35 रन ही बना सकी और इस मैच को न्यू गोल्डन ए ने 69 रनो से जीत लिया।

## खबर संक्षेप

### स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार, एक की मौत

**कटनी।** स्कूटी सवार दो युवतियां हादसे का शिकार हो गईं, जिसमें एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा जिला न्यायालय के मुख्य गेट के सामने बीती शाम हुआ। हादसे में जिस युवती की मौत हुई उसकी पहचान सोफिया बानो 23 वर्ष निवासी ईश्वरीपुरा वार्ड के रूप में हुई है। वहीं घायल युवती खुशी शुक्ला 20 वर्ष निवासी रंगनाथ थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। घायल का उपचार परिजनों की सहमति से निजी अस्पताल में जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवतियां स्कूटी से जिला न्यायालय गेट के सामने से गुजर रही थीं। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर के पास स्कूटी असंतुलित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सोफिया बानो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि खुशी शुक्ला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला कांग्रेस ने रेप कांड के आरोपी को मिली जमानत पर जताया विरोध

**कटनी।** उन्नाव बलात्कार कांड के आरोपी और पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ जिला महिला कांग्रेस कमेटी, कटनी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महिला कांग्रेस ने इस फैसले को पीड़िता और समाज के लिए चिंताजनक बताते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत को तत्काल रद्द किया जाए और मामले में कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।न महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इतने जघन्य अपराध के आरोपी को जमानत मिलना न्याय व्यवस्था पर आम जनता का विश्वास कमजोर करता है। साथ ही, इससे पीड़िता और उसके परिवार की सुरक्षा को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसे मामलों में सख्त रुख अपनाया जाना चाहिए, ताकि समाज में गलत संदेश न जाए और पीड़ितों को न्याय मिलने का भरोसा बना रहे। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करती रहेगी।

### सिद्धचक्र महा मंडल विधान का आयोजन



**कटनी।** कैलवारा झुरही, स्थित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र में संत शिरोमणी आचार्य गुरूवर विद्यासागर ी महाराज के अज्ञानुवर्ती परम शिष्य मुनि पुंगव निर्यापक श्रवण सुधासागर महाराज एवं पदम सागर महाराज के मंग आशीर्वाद से सिद्धचक्र महामण्डल विधान का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जबलपुर से पधारे बालब्रम्हचारी विनोद भैया एवं राकेश भैया के कुशल निर्देशन में मंत्रोच्चान एवं श्रद्धाभक्ति के साथ विश्वशांति महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम में ध्वजारोहणकर्ता श्रीमंत सेठ उत्तमचंद प्रभा जैन, अनुराग जैन, अनुज जैन, महायज्ञ नायक धन्नालाल अंगूरी जैन, इंदौर विधानकर्ता देवकुमार ममता रानी, मैना सुंदरी, राकेश जैन, मनीषा जैन बरया, बंगलौर सौधर्म इन्द्र विवेक कुमार नेहा जैन, अतुल जैन प्रीति जैन-इंदौर, के साथ 151 इन्द्र इन्द्राणियों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री प्रमोद जैन कक्का ने बतलाया कि यह विधान विश्वशांति और आत्म कल्याण की भावना के साथ आयोजित किया जाता है इसलिए समाज जन इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर पुण्य लाभ लेते है।

# रीवा और मऊगंज में सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

## दोनों जिलों से 2750 खिलाड़ी हुए फाइनलिस्ट, 63 हजार ने कराया था पंजीयन

रीवा



रीवा और मऊगंज जिले में सांसद खेल महोत्सव का समापन हो गया है, जिसमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं ने अपना दमखम दिखाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलो इंडिया और फिट इंडिया पहल से प्रेरित इस महोत्सव का सभी विधानसभा क्षेत्रों में किया गया। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस महोत्सव ने विंध्य क्षेत्र के युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहाँ वे अपनी नैसर्गिक क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकें। खेल महोत्सव में अभूतपूर्व जनभागीदारी देखने को मिली। पूरे आयोजन के दौरान दोनों जिलों से कुल 63 हजार खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। मऊगंज जिले में कुल 1150 खिलाड़ी फाइनलिस्ट के रूप में उभरे, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया। वहीं रीवा जिले में लगभग 1600 खिलाड़ियों ने फाइनल तक का सफर तय किया और पुरस्कार प्राप्त किए। विजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र और खेल किट वितरित कर सम्मानित किया गया मंडल स्तर से शुरू हुई यह प्रतिस्पर्धाएं ब्लॉक स्तर से होते हुए जिला स्तर के रोमांचक फाइनल तक पहुँचीं, जिसमें ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं ने अपनी खेल कुशलता का लोहा मनवाया। महोत्सव के दौरान कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट, रस्साकसी और एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। विशेष रूप से पारंपरिक खेलों को प्राथमिकता दी गई ताकि जमीनी स्तर पर भारतीय खेल संस्कृति को पुनर्जीवित किया जा सके। प्रतियोगिताओं का आयोजन मंडल, ब्लॉक और फिर जिला स्तर पर किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में स्कूली छात्रों और स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। इस वृहद आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं की खोज करना और उन्हें भविष्य की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। ।इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य न केवल खेल भावना को बढ़ावा देना है, बल्कि 'नशा मुक्त भारत' और 'स्वस्थ भारत' के संकल्प को युवाओं तक पहुँचाना है। गत दिवस स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, विधायक गुढ़ नागेंद्र सिंह, विधायक मनगवां नरेंद्र प्रजापति, पूर्व विधायक श्याम लाल द्विवेदी, संभागीय खेल एवं युवा अधिकारी एमके धौलपुरी एलडीएम एसबीआई प्रेम मिश्र, तथागत मिश्र कबीर, अन्य जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय खिलाड़ी, खेल कोच और बड़ी संख्या में खिलाड़ी तथा खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत और अपर कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

रीवा ।





सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर और अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने धान खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत ने बरहा, मनिका, चंद्रपुर, सोहरवा, त्योंथर में बनाए गए धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। वहीं अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने सेमरिया स्थित सतगुरु वेयरहाउस तथा सेमरिया मण्डी धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौजूद किसानों से सीधे संवाद किया और उनसे पंजीयन, मैसेज प्राप्ति और तुलाई में होने वाली सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि धान की तुलाई और भंडारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। धान की आवक के अनुसार पर्याप्त संख्या में हम्मालों की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को केंद्र पर लंबा इंतजार न करना पड़े और उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। धान खरीदी केन्द्रों में सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों की जांच करते हुए नमी मापक यंत्रों के सही उपयोग के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित एफएक्यू मानकों के अनुरूप ही धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए और खरीदे गए अनाज का समय पर उठाव व सुरक्षित भंडारण किया जाए। खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पोर्टल पर डेटा की तत्काल एंट्री करने के भी निर्देश दिए।

# बस चालकों की मनमानी : सड़क पर भर रहे सवारी, दिनभर लगता है जाम





**रीवा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए समान में एक नया अंतरराज्यीय बस स्टैंड का निर्माण तो कराया गया लेकिन यहां पर भी बस चालकों की मनमानी के चलते दिन भर जाम की स्थिति बनती है। समान थाना के ठीक सामने फ्लाईओवर के नीचे बस चालक सवारियां भरते हैं और जाम लगता है लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती। कहने को तो यातायात पुलिस दिनभर सायरन बजाती हुई व्यवस्था बनाने का दम भरती है लेकिन समान में जाम की वजह से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा। हालाकि यह स्थिति पूरे शहर में इन दिनों बनी हुई है लेकिन समान तिराहे में बस चालकों की मनमानी के चलते जाम के हालात बनते हैं। बस स्टैंड के बाहर रोड पर प्राइवेट बसों और सवारी वाहनों के जमावड़े से जाम लगता है। यहां पर एक साथ दो-दो बसें सड़क पर खड़ी हो जाती हैं। इससे रास्ता रुक जाता है। सुबह और शाम के समय तो स्थिति और विकट हो जाती है। अहम बात यह है कि इस स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक और समान थाना पुलिस की जिम्मेदारी है,मगर फिर भी दिक्कत हो रही है।थाने के सामने लगा रहता है जामदरअसल, मऊगंज हनुमना की तरफ जाने वाली बसें स्टैंड के अंदर नहीं जाती। स्टेशन के पास यात्रियों के इंतजार में बसों को काफी देर तक खड़ा रखा जाता है। बस चालक चालक काफी देर बसों को यहीं पर खड़ा रखते हैं। कई बार तो एक साथ दो से तीन बसों को एक साथ खड़ा कर दिया जाता है जिसकी वजह से जाम की स्थिति बन जाती है। इससे दूसरे वाहनों को रास्ता नहीं मिल पाता। लोगों का कहना है कि यहां पर पहले से ही प्राइवेट वाहन खड़े रहते हैं। उससे आगे बसें खड़ी कर दी जाती हैं। अहम बात यह है कि यहां पर व्यवस्था को संभालने के लिए ट्रैफिक थाना के अलावा शहर थाना पुलिस की भी जिम्मेदारी है, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जाम के कारण न केवल आम यात्रियों बल्कि एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं को भी परेशानी होती है। विद्यार्थियों का समय भी जाम में फंसकर बर्बाद हो जाता है, जिससे उन्हें शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने में देरी होती है। कई बार बसें अड्डे में न आने के कारण पासधारक विद्यार्थियों को मजबूरी में निजी बसों या ऑटो जैसे महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ता है।अधिक सवारी के लिए सड़क पर जामशहर के बस स्टैंडों पर बसों को खड़ी करने पर्याप्त सुविधा होने के बाद भी कुछ बस चालकों को बस स्टैंड में जगह कम पड़ रही है, यानी जानबूझकर कई बस चालक परिचालक बसों को बस स्टैंड के अंदर नहीं ले जाते बल्कि बीच सड़क अथवा जहां स्थान मिले वहां खड़ी कर सवारियां भर रहे हैं। जिससे आवागमन बाधित होने के साथ ही दुर्घटना का भी भय बना रहता। समान में स्थित नया बस स्टैंड काफी बड़ा बना हुआ है, यहां पर बसों को खड़ी करने पर्याप्त स्थान है, सैकड़ों बसें खड़ी करने के बाद भी यहां और भी बसों को खड़ा करने के लिए स्थान की कमी नहीं, किन्तु कुछ चालक-परिचालक बसों को बस स्टैंड के अंदर तक न ले जाकर सड़क या फिर ओवर ब्रिज के नीचे ही बसें जमाकर सवारियां पकाडते देखे जा सकते हैं। शनिवार को भी कुछ इसी प्रकार का नजारा नए बस स्टैंड पर देखने को मिला।अवैध ठेला और गुमटी के कारण बढ़ी परेशानीरीवा के अंतर्राज्यीय बस अड्डे (नवीन बस स्टैंड) के बाहर बसों के जमावड़े और ट्रैफिक जाम की समस्या आम है, जो अतिक्रमण, खराब पार्किंग व्यवस्था और शहर के मु य मार्गों पर दबाव के कारण होती है, जिससे न केवल आम लोगों को परेशानी होती है बल्कि यह अवैध बस स्टैंड का रूप ले चुका है और हादसों को भी न्योता देता है। शहर के ओवर ब्रिज के नीचे वाहन पार्किंग करने का स्थान नियत किया गया है, किन्तु उनके स्थानों अवैध ठेला, गुमटी संचालकों का कब्जा है, जो स्थान रिक्त रहता है उसमें बसें जमा दी जाती है, जिससे वाहनों को पार्क करने स्थान नहीं रहता। बीच सड़क व पार्किंग स्थलों पर खड़ी बसों के कारण बार-बार जाम लगता है, वाहन रुक जाते हैं, दुर्घटना का खौफ भी बना रहता है, किन्तु इन सब समस्याओं से बस स्टैंड छोड़कर कही पर भी बसे खड़ी करने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ता। बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदारों ने कहा कि यह समस्या आज से नहीं बल्कि लंबे समय से चल रही है, जिसे दुरुस्त करने के न तो यातायात विभाग न ही परिवहन विभाग द्वारा पहल की जा रही है।समस्या के मुख्य कारण अतिक्रमणबस स्टैंड के सामने से निकलने वाले मु य मार्ग (शिवनगर होते हुए विश्वविद्यालय रोड) और अन्य सड़कों पर अवैध अतिक्रमण है, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। बसें सड़क पर ही खड़ी हो जाती है, जिससे यातायात बाधित होता है और यह एक तरह का अवैध बस स्टैंड बन गया है। दिन-प्रतिदिन शहर में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। यह स्थिति हादसों का अड्डा बन गई है, क्योंकि फ्लाईओवर के नीचे भी अवैध बस स्टैंड बन गया है। प्रशासन को अवैध अतिक्रमण हटाना चाहिए। बस स्टैंड के आसपास उचित पार्किंग व्यवस्था और यातायात नियमों का सख्ती से पालन करवाना चाहिए। ओवरब्रिज के नीचे की जगह का सही प्रबंधन किया जाना चाहिए ताकि वह जाम का कारण न बने।

### सिरमौर के उमरी खरीदी केंद्र से 20 हजार वारदाने गायब, तहसीलदार के निरीक्षण में खुली पोल

रीवा।

कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल के मार्गदर्शन में सिरमौर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय द्वारा शनिवार सेवा सहकारी समिति उमरी सिरमौर के वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया गया जहां व्यापक स्तर पर धन लेबाजी मिली है तहसीलदार द्वारा यहां पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए पत्र एसडीएम सिरमौर को प्रेषित कर दिया है किए गए औचक निरीक्षण के संबंध में तहसीलदार सिरमौर अनुपम पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा कलेक्टर और सिरमौर एसडीएम के निर्देश पर सेवा सहकारी समिति उमरी सिरमौर के वेयरहाउस का आज औचक निरीक्षण किया गया,यहां पाया गया कि कुल 66 हजार वारदाने दिए गए थे जिनमें से खरीदी केंद्र के ऑपरेटर आशुतोष प्यासी द्वारा महज 45 हजार 99 वारदाने का हिसाब दिया गया जबकि मौके से 20 हजार से ज्यादा वारदाने कम मिले हैं जिनका हिसाब नहीं मिल पाया है तहसीलदार ने बताया कि खरीदी प्रभारी को पूर्व में निरीक्षण की सूचना दी जा चुकी थी इसके बावजूद भी वह मौके पर उपस्थित नहीं थे, उन्होंने बताया कि मौके का निरीक्षण करने के बाद यहां वरदानों की कमी के साथ खरीदी केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति ना होना कई प्रकार के संदेहो को जन्म देता है जिसके चलते मौके पर ही पंचनामा तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए रीवा कलेक्टर सहित एसडीएम सिरमौर को पत्र भेजा गया है इसके साथ ही खरीदी केंद्र प्रभारी से जवाब तलब किया गया है।

### उप चुनाव के दौरान मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व शराब बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

रीवा

रीवा और मऊगंज जिलों में उप चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय के लिए मतदान 29 दिसम्बर को कराया जाएगा। उप चुनाव के दौरान संबंधित क्षेत्रों में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व शराब की दुकानें बंद रहेंगी और इसका क्रय-विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जिन ग्राम पंचायतों में मतदान होना है उन ग्राम पंचायतों की सीमा से पाँच किलोमीटर की परिधि में आने वाली सभी शराब की दुकानें बंद रखी जाएंगी। जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के मामले में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक सीमा की परिधि में स्थित सभी शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

## ड्राइवर ने कहा ब्रेक की जगह दब गया एक्सीलेटर

# शहर में नौसिखिया ड्राइवर ने दौड़ाई कार,1 कार सहित 3 बाईकों को मारी टक्कर, साई मंदिर के समीप हुई घटना



**रीवा।** शहर के मुख्य बाजार में आज उसे वक्त हड़कंप मच गया ,जब नौसिखिए कार ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक कार दौड़ाते हुए एक खड़ी कार सहित तीन बाइक सवारों को टक्कर मार दी है। बीच बाजार हुई उस घटना से ना सिर्फ हड़कंप मच गया बल्कि कार की चपेट में आने से एक कड़ी कर सहित तीन बाई के क्षतिग्रस्त हो गई हैं, वहीं एक बाइक सवार युवक का पैर भी फ्रैक्चर हो गया है जिसे फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना बस कुछ ही देर पहले शहर के साईं मंदिर के समीप स्थित पार्किंग के बाहर हुई है, जहां कार के नौसिखिए चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक खड़ी कार को टक्कर मारने के बाद तीन बाईकों को भी ठोकर मारी है। घटना के वक्त मौके पर मौजूद भीड़ ने कार चालक को पकड़ और सूचना पुलिस को दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कर को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में लिया है मौके पर पकड़े गए कार चालक की पहचान लल्लू राम कुशवाहा के रूप में की गई है। कार चालक ने बताया कि वह कार लेकर जा रहा था, तभी अचानक से ब्रेक की जगह उसके पैर से एक्सीलेटर दब गया और सामने से गुजर रहे बाइक सवार कार की चपेट में आ गए।

# हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा, मनगवां थाना में दर्ज प्रकरण पर न्यायालय ने सुनाई सजा



**रीवा।** मनगवां थाना में दर्ज हत्या के मामले में आरोपी महेन्द्र अहिरवार तनय बाबूलाल अहिरवार निवासी धवर्रा थाना अजनर जिला महोबा उप्र को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी ने अपनी पत्नी को हंसिया से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। न्यायालय अष्टरम अपर सत्र न्यायाधीश जिला रीवा द्वारा भादंसं. की धारा *०२ के अंतर्गत आजीवन सश्रम कारावासएवं ५ हजार रुपये का अर्थदण्डा एवं अर्थदण्डद के व्यीतिक्रम में आरोपी को * माह का अतिरिक्ता सश्रम कारावास से दंडित किया है। जिला अभियोजन संचालनालय के सहायक निदेशक सुशील कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक१५ नवंबर २०२० को आरोपी अपनी पत्नी सीमा साकेत को हंसिया से गले में वार एवं तवे से मारा गया। वह अपने किराये के मकान में खून से लथपथ कमरे के अंदर पड़ी थी। आरोपी खून से लथपथ अपनी पत्नी को कमरे में छोड़कर भाग गया था। घटना की जानकारी मृतका के भाई प्रदीप कुमार साकेत ने मौखिक रूप से दी थी। पुलिस द्वारा घटना का अन्वेषण कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान शासन की ओर से पैरवी करते हुये विशेष लोक अभियोजक अंजू पाण्डेय द्वारा मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होते हुये अष्टम अपर सत्र न्यायालय रीवा ने आरोपी को उपरोक्त दंड से दंडित किया है।

# सड़क में निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय, दो ट्राली गिट्टी हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आम नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में निरीक्षण के दौरान संत कवरराम वार्ड में सार्वजनिक मार्ग के किनारे एवं सड़क पर निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने तथा गंदगी फैलाने पर संबंधित व्यवसायी घनश्याम राजपाल के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निर्माण सामग्री दो ट्राली गिट्टी जब्त करने की सख्त कार्यवाही की गई। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह बताया कि नगर निगम के अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संत कवरराम वार्ड में कुछ व्यवसायियों द्वारा बिना अनुमति मुख्य मार्ग पर गिट्टी एवं अन्य निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय किया जा रहा था, जिससे गंदगी फैलने के साथ ही यातायात बाधित हो रहा था तथा दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए दो ट्राली गिट्टी जब्त कर पंचनामा बनाया गया। इस दौरान संबंधित व्यवसायियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण कर अथवा निर्माण सामग्री रखकर व्यवसाय करने पर और भी कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## हाईकोर्ट जबलपुर ने 15 दिन में कार्रवाई के दिए निर्देश

# नईगढ़ी नगर परिषद में अविश्वास प्रस्ताव पर नया मोड़

**मऊगंज।** जिले के नईगढी नगर परिषद की राजनीति में एक बार फिर उथल–पुथल तेज हो गई है।नईगढ़ी नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती नागिता गुप्ता के खिलाफ पार्षदों द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर अब मामला हाईकोर्ट जबलपुर तक पहुंच गया है।




हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में कलेक्टर मऊगंज ,पीएस नगरीय प्रशासन को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि अविश्वास प्रस्ताव पर 15 दिवस के भीतर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।गौरतलब है कि नईगढी नगर परिषद के पार्षदों ने नियमानुसार अध्यक्ष श्रीमती नागिता गुप्ता के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव तैयार कर कलेक्टर मऊगंज को सौंपा था। पार्षदों का आरोप था कि प्रस्ताव सौंपे जाने के बावजूद राजनीतिक दबाव के चलते इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। लंबे समय तक निर्णय न होने से असंतुष्ट पार्षदों ने अंततः हाईकोर्ट जबलपुर का दरवाजा खटखटाया।मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर सख्त रुख अपनाते हुए कलेक्टर मऊगंज को निर्देशित किया है कि अविश्वास प्रस्ताव पर समय-सीमा के भीतर कार्रवाई की जाए। कोर्ट के इस आदेश के बाद नईगढी नगर परिषद में एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।सूत्रों के अनुसार, इस घटनाक्रम का असर केवल नईगढी तक सीमित नहीं रहने वाला है। नगर परिषद मऊगंज के पार्षद भी इस पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। चर्चा है कि नईगढी के बाद मऊगंज नगर परिषद में भी विश्वास/अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है।कुल मिलाकर, हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जिले की नगर परिषदों में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है और आने वाले दिनों में नईगढी के साथ-साथ मऊगंज की सियासत में भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।